केन्द्रीय विद्यालय दप्पर

नीलामी हेतु नोटिस

केन्द्रीय विद्यालय दप्पर में अनुपयोगी वस्तुओ की खुली नीलामी दिनांक १९.१२.२०२२ को ११:०० ~~बजे~~ बजे आयोजित की जाएगी| सभी इच्छुक प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित समयानुसार केन्द्रीय विद्यालय दप्पर के प्रांगण में उपस्थित हों| अनुपयोगी वस्तुओं की दशा का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 12.30 बजे के मध्य किया जा सकता है|

नीलामी हेतु रखी गई प्रत्येक अनुपयोगी वस्तु का न्यूनतम मूल्य अधोहस्ताक्षरी द्वारा तय किया जाएगा| नीलामी हेतु रखी गई अनुपयोगी वस्तुओं की अधिकतम बोली लगाने वाले प्रतिभागी/प्रतिभागियों को ही वे वस्तु/वस्तुएं सौंपी जाएंगी| नीलामी प्रक्रिया के संपन्न होने के उपरांत अधिकतम बोली लगाने वाला/वाले प्रतिभागी नीलामी की धनराशि विद्यालय में जमा करवाएगा/करवाएँगे| ये धनराशि विद्यालय में जमा करवाने के बाद सम्बद्ध प्रतिभागी नीलामी में रखी गई अनुपयोगी वस्तुए ले जा सकेंगे|

शर्तें :-

1. बोली लगाने वाले प्रतिभागी नीलामी के समय घोषित किए गए नियमों के पालन हेतु बाध्य होंगे|
2. आरक्षित कीमत की घोषणा नीलामी के समय ही की जाएगी|
3. यदि सफल बोली लगाने वाला प्रतिभागी निर्धारित विक्रय-कीमत अदा करने में असफल रहता है तो नीलाम की जा रही वस्तु दूसरे अधिकतम बोली लगाने वाले प्रतिभागी को बेच दी जाएगी|
4. के.वि.सं. के कर्मचारी व उनके रिश्तेदार इस नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेंगे |
5. किसी भी विसंगति या विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी के पास नीलामी प्रक्रिया को रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा|
6. नीलामी प्रक्रिया में एक फर्म से केवल एक ही प्रतिभागी बोली हेतु आवेदन कर सकता है|
7. नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपने साथ अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर आएँगे क्योंकि विद्यालय सैन्य-स्थल दप्पर के अन्दर स्थित है|

वितरण:-

1. चेयरमेन, विद्यालय प्रबंधन समिति, केवि दप्पर|
2. अनुपयोगी वस्तुओ की खरीददारी से सम्बद्ध व्यक्ति/फर्म|
3. विद्यालय के सूचना पट्ट व वेबसाईट|
4. टोल प्लाजा दप्पर|
5. फ्लाई ओवर मार्केट, लालड़ू मंडी|
6. चंडीगढ़ संभाग के सभी के.वि. को ई-मेल के माध्यम से|

अनिता सिंह 03/12/2022

प्राचार्य

प्राचार्य / Principal
के० वि० दप्पर / K. V. Dappar